प्रादेशिक समाचार

दिनांक–24.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. पलामू संसदीय सीट से एनडीए प्रत्याशी वीडी राम और लोहरदगा से समीर उरांव आज करेंगे नामांकन, कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चमरा लिंडा भी भरेंगे पर्चा।

2. दिल्ली हाईकोर्ट ने झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन से जुड़ी संपत्ति की जांच पर 10 मई तक लगायी रोक।

3. बड़गाई जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर एक मई को होगी सुनवाई, सेना की जमीन मामले में आईएएस छविरंजन समेत नौ की न्यायिक हिरासत अवधि अगले माह तक बढ़ी।

4. पुलिस महानिदेशक ने जिलों के पुलिस अधिकारियों को नशीले पदार्थों के उत्पादन तथा कारोबार पर रोक लगाने और इसमें शामिल लोगों की संपत्ति जब्त करने का दिया निर्देश।
5. मौसम विभाग ने 26–27 अप्रैल को बोकारो–धनबाद, कोल्हान और संथाल क्षेत्र में लू चलने की जतायी संभावना, रांची के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि के संकेत।

*****************

लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू से एनडीए प्रत्याशी वीडी राम और लोहरदगा संसदीय सीट से समीर उरांव नामांकन करेंगे। एनडीए प्रत्याशी वीडी राम के नामांकन में केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह शामिल होंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, रविंद्र राय, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, बालमुकुंद सहाय भी मौजूद रहेंगे। वहीं लोहरदगा के प्रत्याशी समीर उरांव के नामांकन में गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल शामिल होंगे। समीर उरांव गुमला समाहरणालय में नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, बालमुकुंद सहाय मौजूद रहेंगे। वहीं लोहरदगा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत भी आज पर्चा भरेंगे। वहीं झामुमो के नेता सह बिशनपुर विधायक चमरा लिंडा आज निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लोहरदगा संसदीय सीट से नामांकन करेंगे। जानकारी के अनुसार वे पार्टी से नाराज चल रहे हैं उन्हें टिकट नहीं दिए जाने पर उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। चौथे चरण के लिए नांमाकन करने का कल आखिरी दिन है।

*****************

दिल्ली हाईकोर्ट ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन से जुड़ी संपत्तियों की जांच मामले पर 10 मई तक रोक लगा दी है। इस मामले में अदालत ने लोकपाल को कोई भी कदम नहीं उठाने का निर्देश दिया है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सीबीआई रिपोर्ट दाखिल करने के बाद लोकपाल को 10 मई तक कोई भी कदम नहीं उठाने को कहा है। वहीं न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने लोकपाल से शिकायत करनेवाले गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे को झामुमो की याचिका पर नोटिस जारी किया है।

*****************

रांची स्थित बड़गाई अंचल के 8 एकड से अधिक जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर कल ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन अदालत में सुनवाई हुई। ईडी की ओर से मामले में जवाब दाखिल करने के लिए और समय मांगा। इस पर अदालत में ईडी को एक सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई अब एक मई को होगी। हेमंत सोरेन ने जमानत की गुहार लगाते हुए 15 अप्रैल को

अपने अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दाखिल की है। हेमंत सोरेन जमीन घोटाले के आरोप में 31 जनवरी से जेल में बंद हैं। इसी जमीन फर्जीवाड़ा मामले में हाल में गिरफ्तार जेएमएम नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय और इरसाद अख्तर से ईडी आगे भी पूछताछ जारी रखेगी। अदालत ने कल ईडी के आवेदन पर छह दिनों की और पुलिस रिमांड की अवधि बढ़ा दी।

*****************

रांची के बरियातू में सेना के कब्जेवाली 4 एकड़ 55 डिसमील़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद–बिक्री में संलिप्त निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन समेत नौ आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि अदालत ने दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी है। इससे पूर्व ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में जेल में बंद आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 7 मई निर्धारित की है। जमीन मामले में छवि रंजन चार मई 2023 से जेल में है। इस मामले में छवि रंजन के साथ बड़गाईं अंचल के निलंबित राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, प्रदीप बागची, दलाल रिम्स कर्मी अफसर अली, इम्तियाज अहमद, सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, फैयाज अहमद और अमित अग्रवाल की न्यायिक हिरासत अवधि 7 मई तक के लिए बढ़ा दी गई है।

*****************

पुलिस महानिदेशक ने राज्य में नशीले पदार्थों के उत्पादन और उसके कारोबार पर रोक लगाने के लिए कल बैठक की। इस दौरान पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह और सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता ने जोनल आईजी, डीआईजी और जिलों के एसपी के साथ बातचीत की। डीजीपी ने सभी जिलों से पिछले पांच सालों में दर्ज मामले और अबतक की गयी कार्रवाई की जानकारी ली। वहीं संबंधित जिलों में सूचना तंत्र मजबूत करने पर जोर दिया। हॉट स्पॉट का चयन कर ड्रग्स तस्करों और पैडलर्स की सप्लाई चेन को ध्वस्त करने और उनकी संपत्ति जब्त करने का भी निर्देश दिया है। डीजीपी ने वैसे खेत जिसमें अफीम, गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों की खेती होती है, उसे चिन्हित कर खेती करने वाले और जमीन के मालिक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

*****************

झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर कल झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में हाई कोर्ट ने झारखंड विधानसभा एवं राज्य सरकार से जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की कमेटि की रिपोर्ट आने के बाद की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी और कार्रवाई से जुड़ी फाइल प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। कोर्ट जानना चाहती है कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट आने पर सरकार और विधानसभा ने आगे क्या प्रक्रिया अपनाई थी। मामले की अगली सुनवाई 13 मई को होगी।

*****************

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिला प्रशासन के साथ मिलकर कई तरह के प्रयास किये जा रहे हैं।

*****************

मौसम विज्ञान केंद्र ने 26 और 27 अप्रैल को कोल्हान और संथाल परागना के साथ–साथ बोकारो और धनबाद में लू चलने की संभावना जतायी है। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान व्यक्त किया है। इधर पश्चिमी विक्षोभ के कारण राजधानी रांची और आस–पास के जिलों में हल्की और छिटपुट बारिश से गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में गर्मी को लेकर एडवाइजरी भी जारी की है।

*****************

अखबारों की सुर्खियों से–

राज्य से प्रकाशित होने वाले अखबारों ने झारखंड में नामांकन और चुनावी सभा से जुड़ी खबरों को पहले पेज पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा...

प्रभात खबर ने दिल्ली हाईकोर्ट से शिबू सोरेन को उनकी संपत्तियों की जांच मामले में राहत मिलने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

दैनिक भास्कर ने जमीन घोटाला मामले में झामुमो नेता अंतू तिर्की समेत चार लोगों की रिमांड अवधि और छह दिनों के लिए बढ़ाये जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– नामांकन के साथ संग्राम शुरू।

दैनिक जागरण ने चुनावी सभा में पीएम मोदी के हवाले से लिखा है– कांग्रेस शासन में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह।

राश्ट्रीय नवीन मेल की खबर है– अर्जुन मुंडा, कालीचरण मुडा, जोबा मांझी और कामेश्वर बैठा सहित ग्यारह प्रत्याशियों ने किया नामांकन।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने चुनावी सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कांग्रेस पार्टी पर एससी–एसटी और मुस्लिमों के आरक्षण घटाने के लगाये आरोप को जगह दी है।

*****************